# सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स स्कूल

## एडजेसेंट नवनीतिअपार्टमेंट ,आई.पी.एक्सटेंशन,

## पटपडगंज,दिल्ली - ११००९२

## सत्र: २०२५-२६

| कक्षा:-छठी | विषय: कहानी संचय | पाठ:१ सफ़ेद गुड़ |
| --- | --- | --- |

प्रप्र०क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्र०१) बचपन से ही माँ बालक को कैसी कहानियाँ सुनाती थी?

उ०) बचपन से ही माँ बालक को ईश्वर भक्ति की कहानियाँ सुनाती थी, ताकि वह सच्चा ईश्वर भक्त बन जाए।

प्र०२) दुकानदार के प्यार से कहने पर भी बालक ने गुड़ लेने से इंकार क्यों कर दिया?

उ०) दुकानदार के कहने पर भी बालक ने गुड़ लेने से इंकार इसलिए कर दिया क्योंकि उसने गुड़ ईश्वर से माँगा था न कि दुकानदार से।

प्र०३) बालक ईश्वर के बारे में क्या मानता था?

उ०) बालक ईश्वर के बारे में यह मानता था कि ईश्वर सबसे अधिक ताकतवर है, वह सब जगह है और सब कुछ कर सकता है।

प्र०४) अठन्नी मिलने पर बालक ने क्या किया?

उ०) बालक ने अठन्नी को ईश्वर की कृपा समझा, उसे चूमा, माथे से लगाया और गुड़ खरीदने दुकान चला गया।

प्र०५) माँ के आसमान की तरफ देखने भर से बालक क्या समझ जाता था?

उ०) माँ के आसमान की तरफ देखने से बालक समझ जाता था की माँ के पास पैसे नहीं है।

प्र०ख) निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थानो पूर्ति कीजिए।

क) सफ़ेद गुड़ देखकर मुँह में *पानी*  आ जाता था।

ख) माँ बैठी *फटे कपड़े* सिल रही थी ।

ग) माँ स्कूल में *अध्यापिका* थी ।

घ) उसे संध्या के सारे *मंत्र* याद थे।

ड.) *ईश्वर* उसकी मदद करेगा।

च) वह तेजी से उठा और घर के कोने में पूजा करने बैठ गया।

छ) गाँव के सिरे पर एक छोटी- सी *मस्जिद* थी।

ज) उसने उसे *अठन्नी* को बार-बार निहारा।

झ) उसने गर्व से अठन्नी पंसारी की तरफ *गद्दी* पर फेंकी।